म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड
26 अरेरा हिल्स, किसान भवन, भोपाल

क्रमांक / बोर्ड / अंके / विभा / नि.शु. / 1761 भोपाल, दिनांक 22/10/19

प्रति,

सचिव,
कृषि उपज मंडी समिति,
.... जिला ....(समस्त)

विषयः—प्रदेश की कृषि उपज मंडी समितियों द्वारा निराश्रित निधि के तहत राज्य स्तरीय निराश्रित निधि खाते में जमा कराये जाने वाली राशि के संबंध में।

संदर्भः—संचालक सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण भोपाल का पत्र क्रमांक / दि.स. / 9 / 2019 / 12 दिनांक 16.09.2019.

—0—

शासन के परिपत्र क्रमांक / एफ–2 / 83 / 2018 / 26–2 दिनांक 20.12.2018 से निराश्रित निधि की समस्त राशि राज्य स्तरीय निराश्रित निधि खाते में कृषि उपज मंडी समितियों द्वारा जमा किये जा रहे है। जिसके संबंध में बैंक से यह जानकारी प्राप्त हो जाती है कि किस दिनांक को कितनी राशि खाते में जमा हुई है। किन्तु यह राशि किस कृषि उपज मंडी समिति के माध्यम से जमा हुई है इसकी जानकारी प्राप्त नही हो पाती है। जिससे मंडीवार जानकारी संकलित करने में समस्या आती है और यह प्राप्त राशि राज्य स्तर पर सस्पेंस अकाउन्ट में एकत्रित हो जाती है। जब भी राज्य स्तरीय निराश्रित निधि के खाते में राशि जमा कराये तो उसकी सूचना लिखित रूप में संचालक सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण, 1250 तुलसी नगर, भोपाल को पत्र / ईमेल पर आवश्यक रूप से देने की कार्यवाही करे। साथ ही संबंधित जिले के कलेक्टर एवं संयुक्त संचालक / उपसंचालक सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण को भी अनिवार्य रूप से अवगत कराया जाना सुनिश्चित करे, ताकि प्रदेश की कृषि उपज मंडी समितियों से प्राप्त होने वाली राशि का मंडीवार रिकार्ड संधारण किया जा सकेगा।

अतः निराश्रित निधि की राशि राज्य स्तरीय निराश्रित निधि खाते में जमा कर उसकी सूचना लिखित रूप में संचालक सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण,1250 तुलसी नगर, भोपाल को पत्र / ईमेल (E-mail address : dir.socialjusctic@mp.gov.in) पर आवश्यक रूप से देने की कार्यवाही करे। साथ ही संबंधित जिले के कलेक्टर एवं संयुक्त संचालक / उपसंचालक सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण को भी अनिवार्य रूप से अवगत कराया जाना सुनिश्चित कर मंडी समिति स्तर में भी लेजर का संधारण करना भी सुनिश्चित करे।

अपर संचालक (वित्त)
म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल

क्रमांक / बोर्ड / अंके / विभा / नि.शु. / 1762 भोपाल, दिनांक 22/10/19

प्रतिलिपिः—

1. प्रमुख सचिव, म0प्र0 शासन, सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण, विभाग वल्लभ भवन, मंत्रालय, भोपाल की ओर सूचनार्थ।
2. संचालक सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण,1250 तुलसी नगर, भोपाल की ओर सूचनार्थ।
3. अपर संचालक (नियमन) म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल की ओर अशासकीय टीप क्रमांक 2748 दिनांक17.10.2019 के तारतम्य में सूचनार्थ।
4. संयुक्त संचालक म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड आंचलिक कार्यालय (समस्त) की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

अपर संचालक (वित्त)
म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल